Need to establish a Potato Development Board.-laid

श्री मुकेश राजपूत (फर्रूखाबाद) : हमारे लोकसभा क्षेत्र फर्रुखाबाद और इसके आस-पास कई लोकसभा क्षेत्रों में एवं देश के कई प्रान्तों में आलू का सर्वाधिक उत्पादन होता है आलू एक ऐसी सब्जी है, जिसका पूरे देश में साल में 365 दिन सब्जी के रूप में उपयोग किया जाता है । यदि आलू का उत्पादन कम हो जाए, तो देश में अन्य सब्जियों के दाम आसमान छू जाते हैं । परंतु कभी-कभी किसानों को आलू का लाभकारी मूल्य नहीं मिलने के कारण, उनका हाल बेहाल हो जाता है एवं उनको भारी नुकसान उठाना पड़ता है । अतः सरकार से विनम्र आग्रह है कि जिस प्रकार मसाला बोर्ड की स्थापना करने से मसाला उत्पादक किसानों की दशा में आशातीत सुधार हुआ है, इसी प्रकार जूट बोर्ड, टी बोर्ड, एवं हाल ही में विगत दिनों में देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा मखाना बोर्ड की स्थापना हेतु घोषणा की गई है इससे किसानों को उपज में लाभ होगा । मै माननीय कृषि मंत्री जी से आग्रह करना चाहता हूँ कि इसी प्रकार राष्ट्रीय आलू विकास बोर्ड की स्थापना कराने का कष्ट करें । आलू विकास बोर्ड के गठन से भारत में आलू प्रसंस्करण उद्योग का भी समग्र विकास होगा और क्षेत्र की आलू की गुणवत्ता में भी सुधार होगा ।